# पाटली नदी

## चर्चा में क्यों?

13 मार्च, 2025 को राजस्थान के शिक्षा मंत्री ने कोटा में **पाटली नदी** के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया।

## मुख्य बिंदु

- **पाटली नदी के बारे में:**
  - पाटली नदी **37 किलोमीटर** लंबी नदी है, जो **मध्यप्रदेश के मंदसौर ज़िले** से उद्गमित होकर **नीमथुर की पहाड़ी** से निकलकर **रामगंजमंडी (राजस्थान)** में प्रवेश करती है, जहाँ इसका लगभग **12 किलोमीटर** का प्रवाह क्षेत्र है।
  - अंततः यह नदी **सुकेत की आहु नदी** में विलय हो जाती है।
- **नदी का जीर्णोद्धार:**
  - 5 करोड़ की लागत से विलुप्त हो चुकी पाटली नदी को पुनर्जीवित किया जाएगा।
  - इस परियोजना के तहत नदी की तलछट में जमे **मलबे, काँच, पत्थर के टुकड़ों व अन्य अपशिष्ट** पदार्थों को निकाला जाएगा।
  - इसकी **चौड़ाई लगभग 40 मीटर की जाएगी** और इसके **किनारों का सुदृढ़ीकरण** किया जाएगा।
  - नदी के किनारों पर उपयुक्त स्थान का चयन कर घाटों का निर्माण कराया जाएगा तथा कुछ स्थानों पर जल भराव के लिये बेड का निर्माण भी कराया जाएगा।
- **महत्त्व:**
  - नदी का जीर्णोद्धार होने से **40 गाँवों की लगभग 7050 हेक्टेयर कृषि भूमि** को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।
  - **प्राकृतिक जल प्रवाह** पुनः स्थापित होगा।
  - इससे **आस-पास के खेतों में जलभराव की समस्या** कम होगी
  - भू-कटाव और मिट्टी के क्षरण को नियंत्रित किया जा सकेगा।

## कोटा के बारे में:

- **परिचय:**
  - प्रारम्भिक शासक **कोटिया भील** के नाम पर इसका नाम कोटा पड़ा।
  - इसे **राजस्थान का कानपुर, औद्योगिक नगरी एवं शिक्षा नगरी** के नाम से भी जाना जाता है।
  - यह शहर चंबल नदी **के तट पर** स्थित है।
  - **जवाहर सागर बांध (चंबल नदी)** और **हरिशचंद्र सागर (काली सिंध नदी)** कोटा में ही स्थित हैं
  - जयपुर और जोधपुर के बाद यह राजस्थान का **तीसरा बड़ा शहर है।**
- **साक्षरता**
  - 2011 की जनगणना के अनुसार यह राजस्थान का **सर्वाधिक** साक्षरता **( 76.6%)** वाला ज़िला है।
- **प्रमुख दर्शनीय स्थल**
  - **मुकुंदवाड़ा की पहाड़ियाँ-** कोटा व झालावाड़ के बीच स्थित।
  - **विभीषण मंदिर** - भारत का **एकमात्र विभीषण मंदिर**, कैथून में स्थित।
  - **मथुराधीश मंदिर** – **वैष्णव संप्रदाय** का प्रमुख तीर्थ स्थल।
  - **कंसुआ का शिव मंदिर**– 8वीं शताब्दी में निर्मित, यहाँ सूर्य की पहली किरण सीधे शिवलिंग पर पड़ती है।
  - **गेपरनाथ शिवालय-** एक गुप्तकालीन शिवालय है।
  - **सर्प उद्यान- राजस्थान का एकमात्र सर्प उद्यान है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/paatli-nadi